an>

Title: Need to increase the capacity and to set up Industrial Units in Barauni Refinery.

डॉ. भोला सिंह (बेगूसराय) : महोदय, बरौनी तेल शोधक कारखाने ने अपनी 50वीं वÂ◌ाऱ्गांठ अभी हाल ही में मनाई है। इस स्वर्ण जयंती दिवस के अवसर पर माननीय पेट्रो रसायन एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी ने अपनी उपस्थिति से इसकी गरिमा बढ़ाई थी। हÂ◌ा◌ा◌ोल्लास के माहौल में उनका उद्बोधन भी हुआ और उनकी घोÂ◌ाणाएं भी हुई। इस दिशा में उनके मंत्रालय द्वारा प्रारंभिक कदम भी उठाए गए। लेकिन 50 वÂ◌ा◌ा◌ें बाद भी इस तेल शोधक कारखाने के नेप्था से जो पेट्रो केमिकल कारखाने की एक दर्जन से अधिक औद्योगिक यूनिटों की स्थापना होनी थी, वह नहीं हुई। पेट्रो केमिकल के लिए उनके द्वारा भी एक यूनिट स्थापित करने के प्रयास हुए। कुछ अन्य औद्योगिक यूनिटों के जन्म एवं विस्तार की संभावनाएं भी बढ़ी हैं।

अत: सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि माननीय पेट्रो रसायन एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी द्वारा जो घोÂ◌ाणाएं हुई हैं, उनके कार्यान्वयन के लिए तत्परता से कार्रवाई करने की कृपा की जाए।